भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

बायोटेक्नोलॉजी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 617

उत्तर देने की तारीख : 07 दिसंबर, 2023

जीनोम इंडिया पहल

617. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जीनोम इंडिया पहल के तहत देश में अब तक कुल कितने जीनोम की सीक्वेंसिंग की जा चुकी है;

(ख) तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में इसका प्रस्तावित उपयोग और प्रस्तावित लक्ष्य क्या है; और

(घ) किन-किन एजेंसियों को उक्त डेटा तक पहुंच प्रदान की जा रही है या प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) 8151 नमूनों के लिए संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण (डब्ल्यूजीएस) पूरा कर लिया गया है।

(ख) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण इस प्रकार है:

अनुक्रमण केंद्र	**उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम जहां से नमूने एकत्र किए जाते हैं**	**संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण पूरा हो गया**
मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र, आईआईएससी बैंगलोर	कर्नाटक	1954
	उत्तर प्रदेश	
	हिमाचल प्रदेश	
	मध्य प्रदेश	
	हरियाणा	
	उत्तराखंड	
	कर्नाटक	
	महाराष्ट्र	570
	गोवा	
	केरल	637

कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र, हैदराबाद	आंध्र प्रदेश	557
	उत्तराखंड	
	तमिलनाडु	
	राजस्थान	424
	मध्य प्रदेश	
	गुजरात	
	राजस्थान	504
	मध्य प्रदेश	
सीएसआईआर-आईजीआईबी जीनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली	दिल्ली	1429
	बिहार	
	झारखंड	
	उत्तर प्रदेश	
	हिमाचल प्रदेश	
	पंजाब	
	हरियाणा	
	उत्तराखंड	
	कश्मीर	398
	जम्मू	
	लद्दाख	
राष्ट्रीय जैव चिकित्सा जीनोमिकी संस्थान, कल्याणी	पश्चिम बंगाल	697
	झारखंड,	
	बिहार,	
	मिजोरम	432
	असम	
	मेघालय	
	मणिपुर	156
	पश्चिम बंगाल	
	बिहार	
	झारखंड	
	ओडिशा	393
	छत्तीसगढ	
कुल		8151

(ग) संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण के लिए प्रस्तावित लक्ष्य लगभग 10,000 है। जीनोमइंडिया डाटा का उपयोग भारतीय आबादी के लिए जीनोम संदर्भ तैयार करने और अनुसंधान में भावी उपयोग के लिए एकत्र किए गए जैविक नमूनों के लिए एक बायोबैंक स्थापित करने हेतु संसाधन के रूप में किया जाएगा।

(घ) शोधकर्ताओं को जीनोम इंडिया डाटा प्राप्त करने की अनुमति बायोटेक प्राइड (देश में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना) दिशानिर्देश 2020-21 के प्रावधानों के अनुसार दी जाएगी।

****